# बलरामपुर। उतरौला पुलिस ने वाहन चोरी का किया खुलासा, दो पकड़े

## चोरी की मोटरसाइकिल बरामद, एक आरोपी के साथ बाल अपचारी भी गिरफ्तार

स्वतंत्र हित- मो0 तौफीक




**बलरामपुर।** थाना कोतवाली उतरौला पुलिस ने वाहन चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक आरोपी और एक बाल अपचारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की गई पैशन प्रो मोटरसाइकिल UP47AC1552 बरामद की है। पुलिस के मुताबिक, ग्राम पुरैना वाजिद नवडिहवा निवासी भल्लू उर्फ मो. जमाल ने 17 अगस्त को सूचना दी थी कि 15/16 अगस्त की रात उसके घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल चोरी हो गई। मामले में कोतवाली उतरौला में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय व क्षेत्राधिकारी उतरौला डॉ. जितेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने जांच के दौरान 20 अगस्त को पुरैना वाजिद बाईपास तिराहे से सुहेल पुत्र अब्दुल कादिर निवासी पुरैना वाजिद नवडिहवा और एक बाल अपचारी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय तथा बाल अपचारी को किशोर न्यायालय भेज दिया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक अमरनाथ राम, उपनिरीक्षक अजय कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल रणवीर गौतम, कांस्टेबल अनुभव सिंह, कांस्टेबल ओम प्रकाश यादव और कांस्टेबल धीरेन्द्र पटेल शामिल रहे।